प्रेस विज्ञप्ति

गो.ब. पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला–ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सीबीएसएच कालेज ने सीआरसी को 31 रन से हराया

पन्तनगर। 17 जनवरी, 2024। वेटरिनरी सोसायटी व पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय की ओर से स्व. डा. बलविंदर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज स्टीवेंसन स्टेडियम में मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. केपी रावरेकर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. रावरेकर ने कहा कि यह टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष वेटरिनरी सोसायटी की ओर से आयोजित कर डा. बलविंदर को श्रद्धाजंलि दी जाती है, यह एक सराहनीय कदम है, जो खेल प्रेमियों को एक सूत्र में बांधने का काम करेगी। अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय डा. एसपी सिंह ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक डा. राजीव रंजन ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय के सात महाविद्यालयों व प्रशासनिक भवन सहित शोध केंद्रों की टीमें प्रतिभाग करेंगी जिसके तहत अवकाश के दिनों में मैच खेले जाएंगे और फाइनल मैच मार्च में खेला जाएगा। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद डा. बलविंदर सिंह के पुत्र जयवीर सिंह ने विजेता टीम को 11 हजार व उप विजेता टीम को 51 सौ रूपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। कुलपति डा. एम.एस. चौहान ने आयोजकों को इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई दी।

स्टेडियम में यह मैच सीबीएसएच कालेज व सीआरसी के बीच खेला गया। सीबीएसएच कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 144 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीआरसी की पूरी टीम 20 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। सीबीएसएच के नितीश रावत ने 18 गेंदों पर 37 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं सीआरसी की ओर से शिवेंद्र सिंह चौहान ने सबसे अधिक 32 बाल पर 30 रन बनाए।

इस दौरान निदेशक शोध डा. एएस नैन, निदेशक संचार डा. जेपी जायसवाल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, अधिष्ठाता विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय डा. संदीप अरोरा, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान डा. मालविका दास, निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श डा. एमएस नेगी, डा. मीना मृगेश, डा. अनिल कुमार, डा. सुधीर कुमार, डा. जीएस वोहरा, डा. भाष्कर तिवारी एवं संकाय सदस्य व छात्र–छात्राएं मौजूद रहें।

कार्यक्रम में संबोधित करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर।

क्रिकेट टीम के सदस्यों से परिचय करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर।

निदेशक संचार